दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 20-06-2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 08	क्रम सं0(Serial No.) 08

24 साल के युवक ने 67 साल का बुजुर्ग बन कनाडा जाने की लगाई जुगत, पकड़ा गया

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : 24 साल के युवक पर विदेश जाने का धुन इस कदर सवार हुआ कि उसने बुजुर्ग का वेश धर गैर कानूनी तरीके से कनाडा जाने की ठान ली। युवक ने कनाडा जाने के लिए पहले खुद के लिए 67 साल के बुजुर्ग के नाम का फर्जी पासपोर्ट बनवाया, फिर अपने बाल और मूंछें सफेद रंग से रंगवा कर बुजुर्ग का वेश धर आइजीआइ एयरपोर्ट पहुंचा। वहां तैनात सीआइएसएफ की इंटेलिजेंस की टीम ने प्रोफाइलिंग और बिहेवियर डिटेक्शन के आधार पर आरोपित की पोल खोल दी। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सीआइएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व पांडेय ने बताया कि मंगलवार शाम 5.20 बजे प्रोफाइलिंग और बिहेवियर डिटेक्शन के आधार पर सीआइएसएफ के कर्मियों ने टर्मिनल-3 के चेक-इन क्षेत्र में एक

बुजुर्ग का वेश धरने वाला गुरुसेवक सिंह
● सौजन्य : सीआइएसएफ

यात्री को पूछताछ के लिए रोका था। उसने अपना नाम रसविंदर सिंह सहोता बताया। उसने अपनी उम्र 67 साल बताई। जब उसे पासपोर्ट दिखाने को कहा गया तो उसने जो दस्तावेज दिखाया उसमें उसकी जन्म तिथि 10 फरवरी 1957 और पता जालंधर, पंजाब दर्ज था। उसने बताया कि उसे एअर कनाडा की उड़ान संख्या एसी 043 से रात 10.50 रवाना होना है।

सीआइएसएफ कर्मियों ने गौर किया कि पासपोर्ट में दी गई उम्र से आरोपित काफी कम उम्र का लग रहा है। उसकी आवाज और त्वचा भी किसी युवक जैसी थी, जो पासपोर्ट में दी गई उसकी उम्र व अन्य विवरण से मेल नहीं खा रही थी। गहनता से देखने पर ज्ञात हुआ कि उसने अपने बाल और दाढ़ी को सफेद रंग से रंगा हुआ था और बूढ़ा दिखने के लिए चश्मा भी पहना हुआ था। उसके मोबाइल फोन की जांच के दौरान एक अन्य पासपोर्ट की साफ्ट कापी मिली। उस पासपोर्ट पर 24 साल के युवा गुरुसेवक का नाम दर्ज था। आरोपित ने स्वीकार किया कि वह उसका असली पासपोर्ट है, जिस पर उसकी जन्म तिथि 10 जून 2000 और पता लखनऊ दर्ज पाया गया। इस मामले में पुलिस आरोपित से पूछताछ कर यह पता कर रही है कि आखिर उसे इस तरह की तरकीब की क्यों जरूरत पड़ी।